# राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान

(एक स्वायत्तशासी शोध संस्थान)
अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067

राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान, जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्तशासी अनुसंधान संस्थान है। संस्थान, ग्रेड वेतन रुपए 4200/– के साथ वेतन बैंड–2 रुपए 9300–34800 में सीधी भर्ती के आधार पर कनिष्ठ प्रबंधन सहायक के दो पद (एक अनराक्षित एवं एक अनुसूचित जाति के लिए) को भरने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। योग्यता तथा कार्य विवरण निम्न प्रकार है :–

**योग्यता एवं अनुभव :** स्नातक और ग्रेड वेतन रुपए 2400/– के साथ वेतन बैंड–1 रुपए 5200–20200 में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव। कार्मिक प्रबंधन विषय में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**कार्य विवरण :** स्थापना/कार्मिक मामलों तथा संबंधित कार्य या सौंपे गए अन्य कार्य करना।

**ऊपरी आयु सीमा :** 30 वर्ष

1. **सामान्य नियम एवं शर्त :**

क) आरंभ में नियुक्ति अनुबंध पर 5 वर्ष की अवधि के लिए की जाएगी, जिसमें परिवीक्षा की आरंभिक अवधि एक वर्ष की होगी, जिसे नियुक्ति प्राधिकारी के विवेक से बढ़ाया या घटाया जा सकता है। इसके आगे सेवा में बनाया रखना, उम्मीदवार के आरंभिक पांच वर्षों के प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

ख) भारत सरकार के नियमों के अनुसार वेतन एवं भत्ते आदि देय होंगे। अन्य लाभों में एनपीएस, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, एलटीसी आदि शामिल हैं जो संस्थान के नियमों के अनुसार होंगे।

2. **आवेदन करने के पूर्व आवेदक कृपया निम्नलिखित का ध्यान रखें :**

क) अधिकतम आयु सीमा सामान्य श्रेणी और आरक्षित श्रेणी के लिए भारत सरकार के नियमानुसार छूट दी जाएगी। अनुसूचित जाति के आवेदको को छूट नियमोंनुसार आरक्षित रिक्तियों के लिए प्रदान की जाएगी। पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमानुसार दी जाएगी। आरक्षण के लाभ का दावा करने के लिए, आवेदकों को भारत सरकार के अधीन सेवाओं के लिए लागू निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र/विकलांगता प्रमाण पत्र की एक प्रति उपलब्ध करानी होगी ।

ख) सभी योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से होना चाहिए।

ग) निर्दिष्ट अनुभव संबंधी आवश्यकता प्रासंगिक होनी चाहिए और इस पद के लिए न्यूनतम आवश्यक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव होना चाहिए।

घ) स्वायत्तशासी संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध सरकारी संगठनों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों आदि में कार्यरत उम्मीदवारों की पात्रता का निर्धारण, तुलनीय कर्तव्यों, संभाले जाने वाले दायित्वों के स्तर और वर्तमान संगठन में आहरित की जाने वाली परिलब्धियों के आधार पर किया जाएगा।

ङ) योग्य उम्मीदवारों के संबंध में, आयु सीमा, योग्यताओं और अन्य आवश्यकताओं में नियंत्रक अधिकारी द्वारा नियमों के अनुसार छूट दी जा सकती है।

च) सरकारी स्वायत्तशासी संस्थानों/अर्ध सरकारी संगठन/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों में कार्यरत उम्मीदवारों को उचित माध्यम से आवेदन करना होगा या साक्षात्कार के समय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, विफल होने पर उम्मीदवार को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

छ) साक्षात्कार के लिए बाहर से आने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को नियमानुसार द्वितीय श्रेणी के रेलवे किराया या बस किराया का भुगतान किया जाएगा।

ज) किसी भी रूप में अनुयाचन को अयोग्यता माना जाएगा। इस संबंध में कोई पूछताछ या पत्राचार नहीं किया जाएगा।

झ) मात्र न्यूनतम निर्धारित योग्यता होना ही किसी उम्मीदवार का चयन हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं देता है। केवल विधिवत गठित एक अनुवीक्षण (स्क्रीनिंग) समिति द्वारा चुने गए उम्मीदवारों को ही लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने पर, अनुवीक्षण (स्क्रीनिंग) समिति उच्चतर योग्यता धारण करने वाले उम्मीदवारों तक आवेदन की संख्या सीमित कर सकती है या उम्मीदवारों को चुनने के लिए वैकल्पिक रूप से यथोचित मानदंड निश्चित कर सकती है। इस संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा। इस संबंध में किसी भी अंतरिम पूछताछ का उत्तर नहीं दिया जाएगा।

ञ) **अपूर्ण/अस्पष्ट/अपात्र/हस्ताक्षर के बिना** आवेदनों को अवैध माना जाएगा और उन्हें बिना किसी सूचना के अस्वीकृत कर दिया जाएगा। देर से प्राप्त होने वाले आवेदनों को सीधे रद्द कर दिया जाएगा।

3. **आवेदन कैसे करें** – इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार निम्नलिखित प्रपत्र में पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन अधिकतम **27/08/2016 तक नियंत्रक प्रशासन, एनआईआई, पोस्ट बॉक्स नं. 10548, जेएनयू डाकघर, नई दिल्ली – 110067** को जन्म प्रमाण पत्र, योग्यता प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियों, वर्तमान पद और पूर्व अनुभव, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में वैध जाति/विकलांग प्रमाण पत्र, जहां लागू हो, और एक नवीनतम फोटो के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**आवेदन प्रपत्र का प्रारूप :** (1) आवेदित पद तथा आवेदित श्रेणी का नाम (अनारक्षित/अनुसूचित जाति); (जो उम्मीदवार दोनों श्रेणियों में आवेदन करना चाहते हैं वो दोनों श्रेणियों में अलग से आवेदन करें); (2) उम्मीदवार का नाम (स्पष्ट अक्षरों में); (3) अभिभावक/पति का नाम; (4) लिंग; (5) जन्म तिथि एवं आयु; (6–1) जाति; (6–2) जाति प्रमाण पत्र संलग्न – हां/ नहीं (कृपया उपयुक्त पर सही का निशान लगाएं); (7–1) क्या शारीरिक रूप से विकलांग हैं – हां / नहीं (कृपया उपयुक्त पर सही का निशान लगाएं ); (7–2) यदि हां, तो शारीरिक विकलांगता प्रमाण पत्र संलग्न है – हां/ नहीं (कृपया उपयुक्त पर सही का निशान लगाएं); (8) स्थायी और पत्राचार का पता; (9) ई–मेल, फैक्स और टेलीफोन नम्बर, यदि कोई है; (10) योग्यता का विवरण; (11) पिछले अनुभव और वर्तमान रोजगार का विवरण; (12) वर्तमान वेतनमान/वर्तमान मूल वेतन/कुल आहरित परिलब्धियां; (13) संदर्भ के रूप में तीन स्वतंत्र जिम्मेदार व्यक्तियों का नाम एवं पूर्ण पता **(संबंधी/मित्र नहीं)** ई–मेल, फैक्स व दूरभाष नं. सहित जो आवदेक की योग्यता और स्वभाव के संबंध में टिप्पणी कर सकें (14) तिथि सहित हस्ताक्षर।

*टिप्पणी : (i) उम्मीदवार आवश्यक होने पर अलग–अलग अनुलग्नक संलग्नित कर सकते हैं।*

*(ii) उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन में दी गई जानकारी सत्य और सही है। यदि किसी भी स्तर पर, कोई विसंगति पाई जाती है, तो उम्मीदवारी नियुक्ति के बाद भी रद्द की जा सकती है।*

**अर्हताएं पूर्ण करने वाली महिला उम्मीदवारों को आवेदन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**
**हिंदी भाषा में कोई विसंगति होने पर, अंग्रेजी विज्ञापन की अंग्रेजी भाषा को अंतिम माना जाएगा**

**Size : 15cm(W) x 23cm,(H)**

# NATIONAL INSTITUTE OF IMMUNOLOGY

**(An Autonomous Research Institute)**
**Aruna Asaf Ali Marg, New Delhi 110 067**

National Institute of Immunology is an autonomous scientific research institute under the Department of Biotechnology, Ministry of Science and Technology, Govt. of India. The Institute invites applications from eligible candidates for filling 2 vacancies (1-UR and 1-SC) of Junior Management Assistant in Pay Band- 2 of ₹ 9300-34800 with Grade Pay of ₹ 4200 on direct recruitment basis. The qualifications and job description are as under:

**Qualifications:** Graduate with minimum 3 years experience in the grade of ₹ 5200-20200 in PB-I with Grade Pay of ₹ 2400/-. Preference will be given to candidates having qualification in management subjects.

**Job description:** Dealing Establishment/Personnel Matters and other related work as may be assigned.

**Upper Age Limit:** 30 years

1. **General Terms and Conditions:**

a) Appointment will be made initially on contract for a period of 5 years with an initial probation period of one year which may be extended or curtailed at the discretion of the Appointing Authority. Further continuation, if any, will depend on candidate's performance during the initial period of five years.

b) The pay and allowances etc. are admissible as per the Govt. of India Rules. Other benefits include NPS, Medical reimbursement, LTC etc. as per rules of the Institute.

2. **Applicants may kindly note the following before applying:**

a) The Upper Age limit is for General Category and is relaxable in accordance with GOI rules. Relaxation in the upper age limit to the reserved category (SC) will be applicable against the vacancies reserved category, as per rules. PWD candidates will be given age relaxation as per rules. For claiming reservation benefits, applicants should provide a copy of Caste Certificate/Disability Certificate issued by the Competent Authorities in the prescribed format, applicable for services under the Government of India.

b) All the qualifications should be from a recognised Board/University.

c) The experience requirement specified should be relevant and should have been acquired after obtaining the minimum qualifications required for the post.

d) Eligibility of applicants working in Autonomous Institution/Public Sector Undertakings/Quasi Govt. Organisations/ Universities/Recognised Research Institutions etc. would be determined on the basis of comparable duties, level of responsibilities handled and emoluments drawn in the present organisation.

e) In respect of the candidates otherwise qualified, age limit, qualifications and other requirements may be relaxed by the Controlling Authority as per rules.

f) Persons working in Government Autonomous Institution/Quasi Govt. Organisation/Public Sector Undertakings/ Universities/Recognised Research Institutions should apply through proper channel or produce 'No-Objection Certificate' at the time of calling for assessment, failing which the candidates shall not be allowed to appear for such assessment.

g) Outstation SC/ST candidates called for assessment examination would be paid to and fro second class (ordinary) railway fare or bus fare, as per rules.

h) Canvassing in any form will be a disqualification. No enquiries or correspondence will be entertained.

i) Mere fulfilment of the minimum prescribed qualifications will not vest any right on a candidate for being called for assessment for selection. Only the candidates shortlisted by a duly constituted Screening Committee will be called for a written test. In case a large number of applications are received, the Screening Committee may limit the number of candidates to those possessing higher qualification or alternatively fix criteria as deemed fit. The decision of the Institute in this regard shall be final. No interim inquiries in this regard will be entertained.

j) **Incomplete/Illegible/Ineligible/Unsigned** applications will be deemed invalid and rejected without intimation. Late applications will stand summarily rejected.

3. **How to Apply –** Eligible candidates who are interested may submit their duly completed applications in the format given below latest **by 27/08/2016 to Controller of Administration, NII Post Box No. 10548, JNU Post Office, New Delhi-110067** along with attested copies of certificates of date of birth, qualifications, present position and past experience, valid Caste/PH certificate, wherever applicable, in the format prescribed by Govt. of India and a recent colour passport size photograph.

**Format of Application:** (1) Name of the post and Category applied for (UR/SC) (The candidates who desire to apply in both the categories should apply separately); (2) Full Name of the candidate (in Block letters); (3) Parent's / Husband's name; (4) Gender; (5) Date of Birth & Age; (6-i) Caste; (6-ii) Caste Certificate enclosed – Yes/No (please tick the appropriate); (7-i) Whether PH-Yes/No(please tick the appropriate); (7-ii) If yes, PH certificate enclosed- Yes/No (please tick the appropriate); (8) Permanent & Correspondence Address; (9) E-mail, Fax and Telephone No.(s), if any; (10) Details of Qualifications; (11) Details of Past experience & Present Employment; (12) Present pay scale / present basic pay / Total Emoluments drawn; (13) Names and complete addresses of three independent responsible persons **(not relatives / friends)** alongwith e-mail, fax & phone nos. as referees who can comment on the candidate's suitability and temperament; (14) Signature with date.

***Note : (i) The applicants may enclose separate Annexures wherever required.***

***(ii) The applicants must ensure that the information furnished in the application form is true and correct. If any discrepancy is observed at any stage, the candidature shall be liable for cancellation even after appointment.***

**WOMEN CANDIDATES FULFILLING THE REQUIREMENTS ARE ENCOURAGED TO APPLY**

**"In case of any discrepancy in Hindi language, the English language as contained in the English advertisement will be treated as final"**

**Size : 15cm(W) x 23cm,(H)**